

australian centre for grief and bereavement

# शोक एवं वियोग

**शोक एवं वियोग ऑस्ट्रेलियाई केन्द्र (Australian Centre for Grief and Bereavement)**

हो सकता है कि कई वृद्ध ऑस्ट्रेलियावासी COVID-19 के प्रभावों के कारण शोक, हानि या वियोग का अनुभव कर रहे हों।

सहायता लेने में कोई बुराई नहीं है। शोक, हानि और वियोग सहायता सेवाएँ उपलब्ध हैं। फोन पर सलाह के लिए **1800 222 200** पर कनेक्ट और कॉल करें अथवा संसाधनों या किसी शोक व्यवसायी का पता लगाने के लिए वेबसाइट **www.aged.grief.org.au** देखें। किसी प्रियजन की सहायता करने से सम्बन्धित सलाह के लिए **'My Grief' एप्प** डाउनलोड करें।

**सभी सेवाएँ नि:शुल्क तथा गोपनीय हैं और लोगों की संस्कृतियों, धर्म, पहचान और जीवनशैलियों का सम्मान करती हैं।**

### शोक एवं वियोग

1800 222 200
www.aged.grief.org.au

### डिमेंशिया आचरण समर्थन

1800 699 799
www.dementia.com.au

### सदमे संबंधी संसाधन

www.phoenixaustralia.org/aged-care

### सलाह और पक्षसमर्थन

1800 700 600
www.opan.com.au

### अनुवाद एवं सुलभता

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (TIS) के लिए 131 450 पर फोन करके कनेक्ट किए जाने के लिए अपनी भाषा का नाम बताएँ।

Auslan Connections के लिए 1300 010 877, ई-मेल interpreter.bookings@deafservices.org.au, फैक्स 07 3892 8511 या एसएमएस 0407 647 591.

शोक एवं सदमा सहायता कार्यक्रम मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का पूरक है। संकटकालीन सहायता Lifeline: www.lifeline.org.au और Beyond Blue: www.beyondblue.org.au, के माध्यम से उपलब्ध है।

Head to Health: www.headtohealth.gov.au, देखें या अपने जीपी से बात करें।

**Ageing and Aged Care**
Grief and Trauma Support

Hindi

Australian Government

# क्या आप एज्ड केयर (वयोवृद्ध देखभाल) में COVID-19 से प्रभावित हुए/हुई हैं?

एज्ड केयर के निवासियों और प्राप्तकर्ताओं, उनके परिवारों, उनके द्वारा चयनित परिजनों, मित्रों, प्रियजनों, सामुदायिक आगंतुकों और प्रतिनिधियों, तथा एज्ड केयर कर्मचारियों के लिए आमने-सामने, फोन पर और ऑनलाइन सहायता उपलब्ध है।



australian centre for grief and bereavement · DS Dementia Support Australia · OPAN · Phoenix AUSTRALIA

# क्या आप COVID-19 से प्रभावित हैं?

निःशुल्क सहायता उपलब्ध है



## सदमे से संबंधित संसाधन

**Phoenix Australia**

हो सकता है कि COVID-19 के कारण पुराना या नया भावनात्मक सदमा सामने आए। कुछ लोग ठीक हो जाते हैं, परन्तु अन्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ विकसित हो सकती हैं और उन्हें सहायता की ज़रूरत पड़ सकती है।

Phoenix Australia सदमे से जुड़े अनुभवों द्वारा प्रभावित व्यक्तियों और उनके देखभालकर्ताओं की सहायता के लिए सूचना और साधन प्रदान करता है। संसाधनों में वृद्ध लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए सदमे और शोक से सम्बन्धित जानकारी शामिल है। एज्ड केयर कार्यबल और प्रबंधकों के लिए तथ्य पत्रक, वेबिनार और प्रशिक्षण भी उपलब्ध हैं।

क्या आपको सहायता की आवश्यकता है? यह वेबसाइट देखें:
**www.phoenixaustralia.org/aged-care**

## डिमेंशिया आचरण सहायता

**Dementia Support Australia**

हो सकता है कि डिमेंशिया से ग्रस्त एज्ड केयर निवासियों के आचरण COVID-19 प्रतिबंधों के कारण बदल गए हों।

पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में दिन में 24 घंटे विशेषज्ञ सहभागिता सलाहकार, क्लिनिकल सहायता, योजनाएँ और कार्यनीतियाँ, सलाह तथा सूचना सेवाएँ उपलब्ध हैं।

क्या आपको आचरण में परिवर्तनों का प्रबंधन करने में सहायता की आवश्यकता है? **1800 699 799** पर फोन करें या वेबसाइट **www.dementia.com.au** देखें।

## सलाह एवं पक्षसमर्थन

**Older Persons Advocacy Network (OPAN)**

OPAN सरकार और एज्ड केयर (वयोवृद्ध देखभाल) प्रदाताओं से स्वतंत्र है। यह नेटवर्क निःशुल्क और गोपनीय एज्ड केयर पक्षसमर्थन, COVID-19 संबंधी सलाह और रेफरल सेवाएँ प्रदान करता है।

निःशुल्क और गोपनीय पक्षसमर्थन और सलाह के लिए **1800 700 600** पर फोन करें या वेबसाइट **www.opan.com.au** देखें।

